सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग का मुख्य कार्य शासन की नीतियों, कार्यकलापों तथा विकास कार्यो की आम जनता में प्रचार–प्रसार करना है। इस कार्य के लिये सूचना विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों (प्रकाशन, विज्ञापन, होर्डिंग तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया) का उपयोग किया जाता है। विज्ञापन/होर्डिंग्स तथा प्रकाशन आदि से सम्बंधित डिजाइनों को तैयार करने हेतु इस कार्य से सम्बंधित एजेंसियों का यथावश्यक उपयोग किया जाता है। इन दायित्वों के निर्वहन हेतु निदेशक को पूर्ण प्रशासकीय एवं वित्तीय अधिकार प्रदत्त है। फिर भी समय–समय पर यथावश्यक विभागीय कार्यों के परामर्श हेतु विभागीय स्तर पर समिति का गठन कर आवश्यक कार्यवाही की जाती है।